# Stepwise Marking

SOCIAL SCIENCE
CLASS 10TH
ANSWER SHEET

## खण्ड-क

(16)

1. मैट्रिनिक
2. ऑस्ट्रिया, प्राशिय, रूस, ब्रिटेन
3. 13 अप्रैल 1919
4. संसाधन
5. धान
6. रवि, खरीफ, जायद
7. शक्ति का क्षेतिज वितरण
8. न्यायालय
9. 22
10. केरल
11. कृषि
12. सूचना प्रौद्योगिकी
13. मानव जनित
14. उपरोक्त सभी
15. उपरोक्त सभी
16. भारतीय रिजर्व बैंक — 16x1

## खण्ड-ख

(2)

17. **भारतीयों ने साइमन कमीशन का विरोध क्यों किया ?**

उत्तर:-

1. **समय से पहले गठन।**
2. **शासन में सुधार जैसी कोई बात नहीं।**
3. **एक भी भारतीय शामिल नहीं किया गया।** — 1+1

(2)

18. **1930 की महामन्दी के कारण लिखे?**

उत्तर:-

1. **प्रथम विश्व युद्ध के बाद निर्यात घटना** — $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$
2. **अमेरिकी पूंजीपतियों द्वारा यूरोपियन देशों के लिये कर्जे बन्द**
3. **कृषि में अति उत्पादन**
4. **उद्योगों में मशीनीकरण**

19. गहन कृषि के दो गुण लिखो।

उत्तर:-

1. अधिक उत्पादन के लिए अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों तथा सिंचाई का प्रयोग।

2. भूखंडो का आकार छोटा होने पर कई-कई फसलें उगाना।

20. उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले मानवीय कारक बताईए।

उत्तर:-

1. श्रम

2. पूंजी

3. बाजार

4. परिवहन और संचार की सुविधाएँ।

21. लोकतान्त्रिक व्यवस्था को तानाशाही से बेहतर क्यों माना जाता है?

उत्तर:-

1. लोकतन्त्र में स्वतन्त्र व निष्पक्ष चुनाव होते है।

2. लोकतन्त्र में नीति तथा निर्णयों पर खुली बहस होती है।

3. लोकतन्त्र मे वैध सरकार होती है।

4. लोकतन्त्र में नागरिकों की स्थिति बेहतर होती है ।

22. साम्प्रदायिकता और जातिवाद में क्या अन्तर है?

उत्तर:-

साम्प्रदायिकता -

1. जब एक सम्प्रदाय अपने को दूसरे सम्प्रदाय से श्रेष्ठ समझने लगता है।

जातिवाद-

1. जातिवाद वह भावना है जिससे प्रेरित होकर ऊँची जाति के लोग निम्न जाति के लोगों से स्वयं को श्रेष्ठ मानते हैं

23 शहरी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने की कोई दो विधियाँ सुझाइए ?

उत्तर :-

1. क्षेत्रीय शिल्प उद्योग व सेवाओं की प्रोत्साहन देना।

2. पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहन देना।

24 विनिमय के रूप में कोई मुद्रा कब मान्य होती है ?

उत्तर- विनिमय के रूप में कोई मुद्रा तब मान्य होती है जब उस देश की सरकार उसे इस कार्य के लिए प्राधिकृत करती है ।

25. भूकंपरोधी भवनों के लिए कौन सी आकृति सबसे अच्छी है?

उत्तर भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में भवनों का निर्माण आयताकार किया जाना चाहिए।

यहां नालियां बड़ी, सड़के चौड़ी तथा दो भवनों के बीच पर्याप्त दूरी होनी चाहिए।

26. आपदा प्रबंधन मंदन क्या है ?

उत्तर

गैर संरचनात्मक उपाय ये हैं :

1. जागरूकता पैदा करना, तथा बेहतर तैयारी के लिए सामुदायिक स्तर पर योजनाएं बनाना। इन उपायों को मंदन उपाय कहते हैं।

2. यदि तैयारी के प्रभावशाली उपाय किए जाएं तो आपदा के दुष्प्रभावों को काफी सीमा तक कम किया जा सकता है।

27. प्राथमिक उपचार क्या है?

उत्तर:

प्राथमिक चिकित्सा, अचानक बीमार होने या चोट लगने पर पीड़ित के लिए आपातकालीन देखभाल है, जब तक कि अधिक कुशल चिकित्सा उपचार उपलब्ध न हो जाए

**( खण्ड-ग )**

28. जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ?

उत्तर-

1. आरंभ विलियम प्रथम के प्रशा के सिंहासन पर आसीन होना।
2. बिस्मार्क द्वारा जर्मन एकीकरण की भूमिका तैयार करना।
3. वियना कांग्रेस
4. एकीकरण में बाधाएँ
5. बिस्मार्क द्वारा ऑस्ट्रिया, फ्रांस आदि पराजित, विश्व शक्तियों को तटस्थ किया व एकीकृत जर्मनी का उभरना।

29. भारत में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने में मुद्रण संस्कृति ने किस प्रकार योगदान दिया?

उत्तर-

1. दमनकारी नीति के बावजूद राष्ट्रवादी अखबार देश के हर कोने में बढ़ते-फैलते गए।
2. उन्होंने औपनिवेशिक कुशासन के बारे में लिखा।
3. पंजाब के क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया गया तो बालगंगाधर तिलक ने अपना केसरी समाचार छाप कर हमदर्दी जताई।.
4. पंजाब तथा देश के अन्य भागों में राष्ट्रवादी आंदोलन को बल मिला।

30. खादर और बांगर में अंतर स्पष्ट करे?

उत्तर-

| खादर | बांगर |
|---|---|
| नए जलोढ | प्राचीन |
| अधिक बारीक व रेतीली | कंकड़ तथा कैल्शियम कार्बोनेट |
| बार-बार नवीकरण होता है | बार बार नवीकरण नहीं होता |
| नदी के पास डेल्टा तथा बाढ़ निर्मित मैदानों में पाई जाती है | नदी से दूर ऊंचे स्तर पर पाई जाती है। |

31. जैव विविधता क्या है? यह मानव जीवन के लिए क्यो आवश्यक है ?

उत्तर-

1. वन्य जीव और कृषि फसल उपजातियों में अत्याधिक जैव विविधताएं पायी जाती है.
2. मानव और दूसरे जीवधारी आपस में एक जटिल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं ।
3. विभिन्न प्रकार के जीव-जन्तु और वन पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

32. लोकतांत्रिक व्यवस्था को तानाशाही से बेहतर क्यों माना जाता है ?

उत्तर-

1. लोकतंत्र में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव होते हैं।
2. लोकतंत्र में नीति तथा निर्णयों पर खुली बहस होती है।
3. लोकतंत्र में वैध सरकार होती है।
4. लोकतंत्र में नागरिकों की स्थिति बेहतर होती है।

33. राष्ट्रीय कपनियाँ किस प्रकार उत्पादन पर नियंत्रण रखती है ?

उत्तर- उत्पादन पर नियंत्रण करने की विधियाँ

1) संयुक्त उपक्रम विधि
2) स्थानीय कम्पनियों को खरीदना।
3) छोटे उत्पादकों से माल खरीदना।
4) अपने ब्रांड का इस्तेमाल करके। 1+1+1

34. सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है ?

उत्तर :

1. भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर आवश्यक उपभोग की वस्तुएँ प्रदान करना है।
2. मूल्य वृद्धि के प्रभावों से उन्हें बचाया जा सके।
3. नागरिकों में न्यूनतम पोषण की स्थिति को भी बनाए रखा जा सके। 1+1+1

35. खोज और बचाव दल के मुख्य उद्देश्य क्या है?

उत्तर:

खोज तथा बचाव टीम मुख्य उद्देश्य मलवे या नष्ट हुए भवनों आदि के नीचे दबे हुए जीवित व्यक्तियों को बचाना है। इसके तीन कार्य हैं -

(i) उनको प्राथमिक उपचार प्रदान करना तथा डॉक्टरी सहायता के लिए भेजना

(ii) शवों का निपटारा करना

(iii) समुदाय के लोगों को प्रशिक्षित देना, उपयों को प्रदर्शन तथा लोगों में जागरूकता उत्पन्न कराना। 1+1+1

**( खण्ड-घ )**

36 फ्रांसीसी लोगों के बीच सामूहिक पहचान का भाव पैदा करने के लिए फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने क्या कदम उठाए?

अथवा

1921 में असहयोग आंदोलन में शामिल होने वाले सभी सामाजिक समूहों की सूची बनाइए। इसके बाद उनमें से किन्हीं तीन को चुन कर उनकी आशाओं और संघर्षों के बारे में लिखते हुए यह दर्शाइए कि वे आंदोलन में शामिल क्यों हुए?

उत्तर :- 1921 में असहयोग आंदोलन में भारत के विभिन्न सामाजिक समूहों ने हिस्सा लिया लेकिन हरेक की अपनी-अपनी आकांक्षाएँ थीं। आंदोलन में शामिल प्रमुख सामाजिक समूह निम्नलिखित थे-शिक्षित मध्यम वर्ग, भारतीय दस्तकार और मजदूर, भारतीय किसान, पूँजीपति वर्ग, जमींदार वर्ग तथा व्यापारिक वर्ग। सभी ने असहयोग आंदोलन में भाग लिया।

1. शिक्षित मध्यम वर्ग - शहरों में शिक्षित मध्यम वर्ग ने असहयोग आंदोलन की शुरूआत की। हजारों विद्यार्थियों ने स्कूल कॉलेज छोड़ दिए, शिक्षकों ने इस्तीफे दे दिए। वकीलों ने मुकदमें लड़ने बंद कर दिए। शिक्षित वर्ग आंदोलन में शामिल इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने देखा कि उनके बराबर पढ़े-लिखे अंग्रेज उनके अफसर बन जाते थे। भारतीय लोगों को वेतन भी अंग्रेजों के मुकाबले कम मिलता था। वे केवल क्लर्क ही पैदा होते थे और क्लर्क ही मर जाते थे। इस भेदभावपूर्ण नीति के कारण शिक्षित वर्ग अंग्रेज सरकार का विरोधी था।

2. व्यापारी वर्ग - बहुत से स्थानों पर व्यापारियों ने विदेशी चीजों का व्यापार करने या विदेशी व्यापार में पैसा लगाने से इनकार कर दिया। अंग्रेज सरकार की गलत नीतियों के कारण व्यापारी वर्ग पूरी तरह बरबाद हो चुका था। अंग्रेज सस्ते दामों पर कच्चा माल ब्रिटेन ले जाते थे और वहाँ से तैयार माल लाकर अधिक कीमत पर भारत में बेचते थे। भारतीय व्यापारियों को इससे बहुत नुकसान होता था।

3. सामान्य जनता असहयोग आंदोलन एक जन आंदोलन बन गया था क्योंकि आम जनता ने विदेशी कपड़ों तथा चीजों का बहिष्कार किया, शराब की दुकानों की पिकेटिंग की और विदेशी कपड़ों की होली जलाई। आम जनता अंग्रेजों के अत्याचार से दुखी हो चुकी थी इसलिए उसने बढ़-चढ़कर असहयोग आंदोलन में भाग लिया। 1+1+1+1

(4) 37. कृषि उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपाय सुझाइए।।

अथवा

परिवहन तथा संचार के साधन किसी देश की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा क्यों कहे जाते हैं?

उत्तर :-

भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश के 60 प्रतिशत से भी अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करने वाली कृषि में कुछ संस्थागत तथा प्रौद्योगिक सुधार किए गए हैं जो निम्नलिखित हैं

1. जमींदारी प्रथा का उन्मूलन-किसानों के लिए जमींदारी प्रथा एक अभिशाप थी। इसलिए सरकार ने जमींदारी प्रथा को समाप्त करके भूमिहीन काश्तकारों को जमीन का मालिकाना हक दे दिया तथा जोतों की अधिकतम सीमा निश्चित कर दी गई।

2. खेतों की चकबंदी-पहले किसानों के पास छोटे-छोटे खेत थे जो आर्थिक रूप से गैर-लाभकारी होते थे। इसलिए छोटे खेतों की चकबंदी कर दी गई। 3. हरित क्रांति-सरकार ने किसानों को अधिक उपज देने वाले बीज उपलब्ध करवाये जिससे कृषि विशेषकर गेहूँ।। की कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। इसे हरित क्रांति का नाम दिया गया।

4. प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण-किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए कई छोटी-बड़ी सिंचाई परियोजनाएँ शुरू की गईं।

5. फसल बीमा-फसलें प्रायः सूखा, बाढ़, आग आदि के कारण नष्ट हो जाती थीं। जिससे किसानों को बहुत हानि । उठानी पड़ती थी। इन आपदाओं से बचने के लिए फसल बीमा योजना शुरू की गई। इसके द्वारा फसल नष्ट हो जाने पर किसानों को पूरा मुआवजा मिलने लगा जिससे उसे सुरक्षा प्राप्त हुई।

6. सरकारी संस्थाएँ-किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण बैंकों, सहकारी समितियों और बैंकों की स्थापना की गई। ये संस्थाएँ किसानों को महाजनों के चुंगल से बचाती हैं। रेडियो तथा दूरदर्शन द्वारा मौसम की जानकारी तथा कृषि संबंधी कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।

7. किसानों के लाभ के लिए भारत सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड' और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना शुरू की है।

$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

8. किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए न्यूनतम सहायता मूल्य और कुछ महत्त्वपूर्ण फसलों के लाभदायक खरीद मूल्यों की सरकार घोषणा करती है। 9. खेती में आधुनिक उपकरणों के प्रयोग पर बल दिया जाने लगा। इससे उत्पादन में वृद्धि हुई।

(4) 38. आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में सत्ता की साझेदारी के अलग-अलग तरीके क्या हैं? इनमें से प्रत्येक का एक उदाहरण भी दें।

अथवा

लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध सरकार का गठन करता है?

उत्तर :- आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में सत्ता की साझेदारी के अनेक रूप हो सकते हैं, जो निम्नलिखित हैं-

1. शासन के विभिन्न अंगों के बीच बँटवारा शासन के विभिन्न अंग, जैसे-विधायिका, कार्यपालिका और न्या के बीच सत्ता का बँटवारा रहता है। इसमें सरकार के विभिन्न अंग एक ही स्तर पर रहकर अपनी-अपनी शक्तिव करते हैं। इसमें कोई भी एक अंग सत्ता का असीमित प्रयोग नहीं करता, हर अंग दूसरे पर अंकुश रखता है। इस संस्थाओं के बीच सत्ता का संतुलन बना रहता है। इसके सबसे अच्छे उदाहरण अमेरिका व भारत हैं। यहाँ विर्धा बनाती है, कार्यपालिका कानून को लागू करती है तथा न्यायपालिका न्याय करती है। भारत में कार्यपालिका संस उत्तरदायी है, न्यायपालिका की नियुक्ति कार्यपालिका करती है, न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के जाँच करके उन पर नियंत्रण रखती है।

2. सरकार के विभिन्न स्तरों में बँटवारा पूरे देश के लिए एक सरकार होती है जिसे केंद्र सरकार या संघ स कहते हैं। फिर प्रांत या क्षेत्रीय स्तर पर अलग-अलग सरकारें बनती हैं, जिन्हें अलग-अलग नामों से पुकारा जाता में इन्हें राज्य सरकार कहते हैं। इस सत्ता के बँटवारे वाले देशों में संविधान में इस बात का स्पष्ट उल्लेख होता है और राज्य सरकारों के बीच सत्ता का बँटवारा किस तरह होगा। सत्ता के ऐसे बँटवारे को ऊध्वाधर वितरण कहा भारत में केंद्र और राज्य स्तर के अतिरिक्त स्थानीय सरकारें भी काम करती हैं। इनके बीच सत्ता के बँटवारे के। संविधान में स्पष्ट रूप से लिखा गया है जिससे विभिन्न सरकारों के बीच शक्तियों को लेकर कोई तनाव न हो।

3. विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता का बँटवारा कुछ देशों के संविधान में इस बात का प्रावधान है सामाजिक रूप से कमजोर समुदाय और महिलाओं को विधायिका और प्रशासन में हिंस्सेदारी दी जाए ताकि लो शासन से अलग न समझने लगे। अल्पसंख्यक समुदायों को भी इसी तरीके से सत्ता में उचित हिस्सेदारी दी जाती

बेल्जियम में सामुदायिक सरकार इस व्यवस्था का अच्छा उदाहरण है।

4. राजनीतिक दलों व दबाव समूहों द्वारा सत्ता का बँटवारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता बारी-बारी से आई विचारधारा और सामाजिक समूहों वाली पार्टियों के हाथ आती-जाती रहती है। लोकतंत्र में हम व्यापारी, उद्योगपति, किसान और औद्योगिक मजदूर जैसे कई संगठित हित समूहों को भी सक्रिय देखते हैं। सरकार की विभिन्न समितियों में सीधी भागीदारी करने या नीतियों पर अपने सदस्य वर्ग के लाभ के लिए दबाव बनाकर ये समूह भी सत्ता में भागीदारी करते हैं। अमेरिका इसका अच्छा

उदाहरण है। वहाँ दो राजनीतिक दल प्रमुख हैं जो चुनाव लड़कर सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं तथा दबाव समूह चुनावों के समय व चुनाव जीतने के बाद राजनीतिक दलों की आर्थिक मदद करके, सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित करके सत्ता में भागीदारी निभाते हैं।

**(खण्ड-ङ)**

39 (i) भारत के मानचित्र में दर्शाए :-

क) हिमाचल प्रदेश

ख) चावल उत्पादक दो राज्य

ग) कृष्णा नदी

घ) मुम्बई

ङ) केरल

च) लक्षद्वीप

(ii) विश्व के मानचित्र में दर्शाए :-

क) संयुक्त राज्य अमेरिका

ख) यूक्रेन


ग) आस्ट्रेलिया

घ) अरब सागर

ङ) अमेजन नदी

च) श्रीलंका

# INDIA - POLITICAL AND ADJACENT COUNTRIES.





NAME ........ STD ........ SEC ........ TEACHER'S SIGNATURE ........

# WORLD POLITICAL

Name

Class　　Sec　　Roll No.

School



Class Teacher's Signature